न्यायालय जिला कलक्टर, अलवर (राजस्थान)

अपील संख्या:— 12/74/2025 रजू दिनांक: 03.06.2025 रजि० न० 2025/156

अपीलार्थी:—

श्री रोहिताश, निवासी नांगल, पोस्ट—मण्डी अटेली, नीयर नांगल मोड़, जिला महेन्द्रगढ—123021 (हरियाणा)

प्रत्यर्थी:—

लोक सूचना अधिकारी एवं पदेन अतिरिक्त जिला कलक्टर (द्वितीय), जिला अलवर (राजस्थान)

अपील अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

—:: निर्णय ::—

दिनांक:— 01.07.2025

1. अपीलार्थी ने सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 (संक्षेप में अधिनियम, 2005) की धारा—6 (1) के अन्तर्गत लोक सूचना अधिकारी को आवेदन पत्र दिनांक 29.04.2025 प्रस्तुत कर वर्णित तथ्यों पर सूचना चाही गई, जो उन्हे उपलब्ध नही कराई गई। अतः वांछित सूचना दिलवाई जावें।
2. अपीलार्थी द्वारा प्रथम अपील दिनांक 31.05.2025 पेश कर निवेदन किया है कि लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना उपलब्ध नही करवाई, सूचना उपलब्ध करवाई जावें।
3. अपील प्राप्त होने पर दर्ज रजिस्टर कर वाँछित सूचना नहीं दिए जाने के संबंध में प्रत्यर्थी से जवाब तलब किया गया एवं अपीलार्थी को नोटिस जारी किया कि यदि वह सुनवाई हेतु उपस्थित होना चाहते है तो दिनांक 17.06.2025 को उपस्थित आवें।
4. अपीलार्थी अपीलार्थी उपस्थित नही आया एवं प्रत्यर्थी से जवाब प्राप्त हुआ। पत्रावली का अवलोकन किया एवं जवाब प्रत्यर्थी पर मनन किया। प्रत्यर्थी ने पत्रांक लो.सू.अ./प्रथम अपील/2025/976 दिनांक 30.06.2025 के द्वारा जवाब प्रस्तुत कर अवगत कराया है, कि अपीलार्थी द्वारा पूर्व सुचना सं0 293350210146820 दिनांक 29.04.2025 के संबंध में किसी प्रकार की सूचना नहीं मिलने बाबत अभिकथन प्रस्तुत किया है उक्त के संबंध में अपीलार्थी के सूचना आवेदन सं 0293350210146820 दिनांक 29.04.2025 के संबंध में कार्यालय स्तर पर संबंधित अनुभाग व राज0 संपर्क ग्रिवेन्स रिड्रेसल पोर्टल पर दर्ज अपीलार्थी के शिकायत सं0 072307816299319 दिनांक 25.07.2023 की प्रति प्रिंट कर अधिप्रमाणित कराई जाकर RTI Online Portal पत्र संख्या 5853844622 दिनांक 17.06.2025 के माध्यम से विनिश्चय कर संसूचित किया जा चुका है। तथापि प्रथम अपील के अनुसरण में पूर्व प्रेषित सूचना/विनिश्चय—पत्र की छायाप्रति अपीलार्थी को पुनः पंजीकृत—पत्र के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही है।
5. पत्रावली का अवलोकन किया एवं जवाब प्रत्यर्थी पर मनन किया। प्रस्तुत जवाब के अवलोकन एवं अध्ययन से स्पष्ट है कि प्रत्यर्थी द्वारा अपीलार्थी को वांछित सूचना के संबध में ऑनलाईन पत्र सं. 5853844622 दिनांक 17.06.2025 के माध्यम से विनिश्चय किया जाकर आवेदक को सूचित किया जा चुका है। तथापि प्रत्यर्थी द्वारा प्रथम अपील के संबंध में जरिये प्रतिलिपि क्रमांक सम/977 दिनांक 30.06.2025 के द्वारा उक्त प्रकरण में अधिनियम, 2005 के विधिक प्रावधानों के आलोक में पुनः सूचना प्रेषित की जा चुकि है। अपील अपीलार्थी अस्वीकार किये जाने योग्य है।
6. अतः उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलार्थी अस्वीकार की जाकर निस्तारित की जाती है। निर्णय की प्रति अपीलार्थी एवं प्रत्यर्थी को भिजवाई जावें।
7. निर्णय आज दिनांक 01.07.2025 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो बाद तकमील दाखिल दफतर हो।

(डॉ. आर्तिका शुक्ला)
जिला कलक्टर अलवर
(राजस्थान)